an>

Title: Need to give environmental clearance to diversion of forest land for construction of hydro-electric and irrigation projects in Karouli-Dholpur Parliamentary Constituency, Rajasthan.

श्री खिलाड़ी लाल बैरवा (करौली धौलपुर): अध्यक्ष महोदया, मेरे संसदीय क्षेत्र करौली-धौलपुर (राज.) जो कि डांग क्षेत्र है एवं चम्बल बीहड़ों वाला इलाका है। इस क्षेत्र में गरीबी, भुखमरी, डकैती अत्यधिक है। मेरे क्षेत्र से संबंधित तीन परियोजनाएं पर्यावरण मंत्रालय, दिल्ली में अनुमति के लिए विचाराधीन है। क्षेत्र की मांग को ध्यान में रखते हुए इन तीनों परियोजनाओं की स्वीकृति अति आवश्यक है। ये परियोजनाएं निम्न हैं ः-

1. नेशनल चम्बल घड़ियाल चम्बल सेंक्चुअरी, राजस्थान के अंतर्गत 0.3 वन भूमि का धौलपुर लिफ्ट सिंचाई योजना हेतु डायवर्जन।
2. केला देवी वाइल्ड लाइफ सेंक्चुअरी अंतर्गत 16.09 हेक्टेयर वन भूमि का जल संसाधन विभाग, जिला करौली द्वारा दोहारी माईनर सिंचाई परियोजना हेतु डायवर्जन।
3. चम्बल विकास परियोजना के अंतर्गत राहु का गांव, गुज्जुपुरा, जैतपुर और बरसाला में चार जल विद्युत परियोजनाओं का निर्माण।